Name : ................................................................................................................

Roll No. : ................................................

कुल प्रश्नों की संख्या : **18** ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **7**

# N-211001–A

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : **3 घण्टे** ] [ पूर्णांक : **75**

***निर्देश*** : (*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में उचित सम्बन्ध एवं खण्ड (स) में रिक्त स्थानों की पूर्ति सम्बन्धी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **2** से **6** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा *30* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक **7** से **10** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है।

(*v*) प्रश्न क्रमांक **11** से **15** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *75* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक **16** एवं **17** पत्र–लेखन एवं अपठित गद्यांश हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक **18** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (निबंध) है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक **11** से **18** तक के सभी प्रश्नों में विकल्प दिया गया है।

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) 'शहीद वीरनारायण सिंह' ने जनता के लिए किस व्यापारी से अनाज का गोदाम लूटा था?

(*अ*) पेखन सिंह

(*ब*) खेलन

(*स*) माखन

(द) भण्डारी

(*ii*) चिड़ियों को आमंत्रित करने हेतु झालर किससे बना था?

(*अ*) बिजली के बल्ब से

(*ब*) धान की बाली से

(*स*) रस्सी से

(द) धागा से

(*iii*) ठूँठ का अर्थ है :

(*अ*) जीवित

(*ब*) जड़

(*स*) अवशेष

(द) निर्जीव

(*iv*) घीसा ने अंतिम विदाई में अपनी गुरु माँ को भेंट दी :

(*अ*) आम की

(*ब*) अमरूद की

(*स*) तरबूज की

(द) बेर की

(*v*) सिकुमार के पिता का नाम था :

(अ) रामशरण

(ब) रामचरण

(स) रामसेवक

(द) रामदहन

**प्रश्न-1** **( खण्ड-ब )** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| **( क )** | | **( ख )** |
|---|---|---|
| (*i*) रेवा | - | मृतक संस्कार |
| (*ii*) गवाक्ष | - | कुपोषित बालक |
| (*iii*) डिटेक्टरी | - | खिड़की |
| (*iv*) मरिया | - | नदी |
| (*v*) घीसा | - | हिटलर |

**प्रश्न-1** **( खण्ड-स )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) नर्मदा की सखी —— थी।

(*ii*) व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई द्वारा —— नामक पत्रिका का प्रकाशन एवं संपादन किया गया।

(*iii*) विस्थापन की समस्या से उपजी पीड़ा व प्रताड़ना को —— नामक कहानी में प्रभावशाली तरीके से रखा गया है।

(*iv*) 'दुब्बर बर दू अषाढ़' नामक लोकोक्ति का अर्थ —— होता है।

(*v*) स्वरों के उच्चारण में लगने वाले समय को —— कहा जाता है।

**प्रश्न–2** विंध्य और सतपुड़ा को लेखक ने किस रूप में चित्रित किया है ? [2]

**प्रश्न–3** टैक्स को 'बीमारी' के रूप में देखने का क्या आशय है ? [2]

**प्रश्न–4** घीसा का नाम 'घीसा' कैसे पड़ा ? [2]

**प्रश्न–5** सूनापन दूर करने के लिए कवि कौन–कौन से उपाय करता है ? [2]

**प्रश्न–6** राम भक्ति शाखा के किन्हीं दो कवियों के नाम एवं उनकी एक–एक रचना का नाम लिखिए। [1+1=2]

**प्रश्न–7** घीसा कक्षा लगने के पूर्व क्या तैयारी करता था ? [3]

**प्रश्न–8** ''घर धीरे–धीरे घर बन रहा था।'' यह पंक्ति घर में किन बदलावों और उम्मीदों की ओर संकेत करती है ? [3]

**प्रश्न–9** ''जिसकी नौकरी छूट चुकी हो, उसके लिए नौ रुपये नौ सौ से कम नहीं होते।'' लेखक ने ऐसा क्यों कहा ? [3]

**प्रश्न–10** प्रयोगवाद की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। [3]

**प्रश्न–11** कवि ने जनता की सहनशीलता के क्या–क्या उदाहरण दिए हैं ? लिखिए। [4]

***अथवा***

'अपनी–अपनी बीमारी' पाठ में दिया गया शोक समाचार—''बड़ी प्रसन्नता की बात है...से क्यों शुरू हुआ है ? अपना तर्क लिखिए।

**प्रश्न–12** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए : [4]

कोठी म धान छलक जाए, ये जिनगी फेर चमक जाए।

झन बैर भाव खेती म कर, मन के भुसभुस निकार फेंकौ।

हाँसौ-गोठियावौ जुरमिल के, सुन्ता के रद्दा झन छेंकौ।

गोठियइया घलो ललक जाए, सुनवइया सबौ गदक जाए॥

***अथवा***

मुंह घुघुवा असन फुलावौ झन, कोइली अस कुहकौ बगिया म।

चंदा अस मन सुरुज कस तन, जिनगी महके फुलबगिया म।

भेंटौ तो हाथ लपक जाए, गुँगवावत मया भभक जाए॥

**प्रश्न–13** 'बाधा के रोड़ों से लड़ता' पंक्ति का आशय जीवन को कैसे और कब प्रभावित तथा प्रेरित करता है ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

***अथवा***

'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न–14** अंग्रेजों के दावत पर आने के पहले बाबा ने कौन-सी तसवीर हटवा दी ? उन्होंने उस तसवीर को क्यों हटवाया होगा ? अपने विचार लिखिए। [4]

***अथवा***

'जेबकतरा' कहानी पढ़ने के बाद आपके मन में कौन-से भाव जागृत होते हैं ? लिखिए।

**प्रश्न–15** 'बादल को घिरते देखा है' कविता के प्रकृति-चित्रण को अपने शब्दों में लिखिए। [4]

***अथवा***

''अमरकंटक ने अपनी आत्मा से नर्मदा को जन्म दिया है।'' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न–16** अपने बड़े भाई के विवाह की तैयारी सम्बन्धी जानकारी देते हुए अपने मित्र / अपनी सहेली को पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

***अथवा***

नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर सफाई समस्या ठीक न होने की शिकायत कीजिए।

**प्रश्न–17** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1×5=5]

मनुष्य में जन्म से ही अच्छे और बुरे के बीच का फर्क समझने का सामान्य विवेक मौजूद होता है। वह अपने बुरे और अच्छे कार्यों को भली–भाँति जानता है। व्यक्ति के मन में जैसे ही कोई बुरा या अच्छा विचार आता है उसका विवेक उसे तुरंत बता देता है कि उसके लिए क्या ठीक है ? जो लोग लालच में पड़कर अपने विवेक को नहीं सुनते और तर्क–वितर्क में पड़कर कोई अनुचित कार्य कर बैठते हैं उनके लिए सही–गलत का फर्क कर पाना मुश्किल हो जाता है। जो लोग सही–गलत के बीच में फर्क समझना चाहते हैं उन्हें सबसे पहले कोई भी कार्य करने से पूर्व दूसरों से पूछने की जगह सबसे पहले अपनी अंतरात्मा से सवाल करने चाहिए। जो लोग अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर कोई फैसला लेते हैं उन्हें भविष्य में कभी अपने फैसले पर पछताना नहीं होता है। लालच के वशीभूत होकर मनुष्य अपना विवेक खो देता है।

(*i*) हमें जन्मजात क्या मिला हुआ है ?

(*ii*) लालच क्या है ?

(*iii*) मनुष्य अनुचित कार्य कब करता है ?

(*iv*) मनुष्य को क्या नहीं करना चाहिए ?

(*v*) हमें अपना कार्य कैसे करना चाहिए ?

(*vi*) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**प्रश्न–18** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250–300* शब्दों में निबंध लिखिए : [2+4+2=8]

(*i*) वैश्विक महामारी : कोविड–19

(*ii*) छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी : नरवा, गरुवा, घुरुवा, बारी

(*iii*) स्वच्छ भारत—स्वस्थ भारत

(*iv*) जीवन में खेलों का महत्व

(*v*) मोबाइल एवं संचार क्रांति

———